हिन्दुस्तान

सीएम योगी आदित्यनाथ की उत्तर प्रदेश को औद्योगिक विकास में अग्रणी राज्य के रूप में स्थापित करने के लिए अनोखी पहल

औद्योगिक प्रगति से युवाओं को जोड़ेगा स्किल क्वेस्ट

प्रतियोगिता

लखनऊ, विशेष संवाददाता। उत्तर प्रदेश में हो रही औद्योगिक प्रगति के प्रति प्रदेश के युवाओं और आम लोगों को जागरूक करने और इसमें योगदान के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से योगी सरकार ने एक अनोखी पहल की है। सीएम योगी के निर्देश पर उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन (यूपीएसडीएम) और इन्वेस्ट यूपी 30 सितंबर से एक अक्तूबर 2023 को लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में 'यूपी स्किल क्वेस्ट 2023' का आयोजन करने जा रहा है।

चार अलग-अलग फार्मेट में होगा यह आयोजन: भारत के बिजनेस इकोसिस्टम पर युवाओं की भागीदारी के लिए एक बेहतरीन मंच प्रदान करेगा, जो बड़े पैमाने पर स्कूलों, कॉलेजों, व्यापारिक संगठनों और जनता की भागीदारी को सुनिश्चित करेगा। इस इवेंट के माध्यम से प्रतिभागियों को कैश प्राइज जीतने का भी अवसर मिलेगा। इस आयोजन का हिस्सा बनने के लिए 25 सितंबर की आधी रात तक रजिस्ट्रेशन कराया जा सकेगा।

25 सितंबर आधी रात तक कराया जा सकेगा पंजीकरण

- भारत के बिजनेस ईकोसिस्टम पर युवाओं की भागीदारी का मंच होगा क्वेस्ट
- बड़े पैमाने पर स्कूलों और आम जनता की भागीदारी को किया जाएगा सुनिश्चित

क्विज की थीम, फॉर्मेट और पुरस्कार

1 इंडिया क्विज: इंडिया क्विज हमारे देश की विरासत, संस्कृति, उपलब्धियों, इतिहास, भूगोल, विख्यात व्यक्तित्वों और अन्य पर आधारित होगी।

समय: एक अक्तूबर 2 बजे से 5 बजे तक
प्रतिभागी: सभी के लिए ओपन
प्राइज: 90,000 (प्रथम), 60,000 (द्वितीय), 35,000 (तृतीय)

2 जनरल क्विज: जनरल क्विज सामान्य जागरूकता, जिज्ञासा समसामयिक मामलों का परीक्षण करते हुए विषयों की एक विस्तृत श्रृंखला को कवर करेगा।

समय: एक अक्तूबर 10 बजे से 1 बजे तक
प्रतिभागी: सभी के लिए ओपन
प्राइज: 90,000 (प्रथम), 60,000 (द्वितीय), 35,000 (तृतीय)

3 क्रिकेट और बॉलीवुड क्विज: यह क्विज भारतीय संस्कृति के सबसे प्रिय पहलू – क्रिकेट और बॉलीवुड में अपनी विशेषज्ञता साबित करने का मौका होगा।

समय: 30 सितंबर, 2 बजे से 5 बजे तक
प्रतिभागी: सभी के लिए ओपन
प्राइज: 90,000 (प्रथम), 60,000 (द्वितीय), 35,000 (तृतीय)

4 स्कूल इंडिया क्विज: ये स्कूली छात्रों के लिए होगा, जहां उनसे भारत की विरासत, संस्कृति, उपलब्धियों, इतिहास, भूगोल पर आधारित सवाल पूछे जाएंगे।

समय: 30 सितंबर, 10 बजे से 1 बजे तक
प्रतिभागी: स्कूल लेवल
प्राइज: 50 हजार (प्रथम), 30 हजार (द्वितीय), 20 हजार (तृतीय)

प्रदेश की योजनाओं, विभागों के कामकाज के प्रति जागरूक करना योजना का मुख्य मकसद

यूपी स्किल क्वेस्ट 2023 का आयोजन इन्वेस्ट यूपी द्वारा किया जाएगा, जबकि इसकी फंडिंग कौशल विकास मिशन द्वारा होगी। क्वेस्ट के विजेताओं को कैश प्राइज के अलावा कौशल विकास मिशन द्वारा सर्टिफिकेट भी प्रदान किया जाएगा। इन्वेस्ट यूपी से जुड़े अधिकारियों के अनुसार इस आयोजन का प्रमुख उद्देश्य प्रदेश में हो रहे औद्योगिक विकास से युवाओं को जोड़ना और उन्हें तैयार करना है ताकि पढ़ाई पूरी करने के बाद युवा दिल्ली-मुंबई का रुख न करें, उत्तर प्रदेश में जो अवसर बन रहे हैं वो उनका लाभ उठा सकें। इस आयोजन के माध्यम से युवाओं में क्यूरियॉसिटी पैदा करना और राज्य में ही बने रहने के लिए प्रेरित करना है। साथ ही उन्हें राज्य सरकार की योजनाओं, विकास कार्यों, विभागों के कामकाज से भी रूबरू कराना है।

ये होंगे क्विज रजिस्ट्रेशन के लिए दिशा- निर्देश, गूगल फार्म भरना अनिवार्य

- सभी रजिस्टर्ड टीमों को क्विज शुरू होने से एक घंटे पहले रिपोर्ट करना होगा।
- क्विज के चार फॉर्मेट हैं ।
- 'स्कूल इंडिया क्विज' केवल कक्षा 8 और उससे ऊपर की स्कूल टीमों तक ही सीमित है। हालांकि, 'क्रिकेट और बॉलीवुड क्विज', 'जनरल क्विज' और 'इंडिया क्विज' सभी के लिए ओपन हैं, भले ही उनकी शैक्षणिक योग्यता या प्रोफेशन स्थिति कुछ भी हो।
- प्रत्येक क्विज फॉर्मेट में भाग लेने के लिए गूगल फॉर्म के माध्यम से रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है। रजिस्ट्रेशन का कोई अन्य रूप स्वीकार्य नहीं है।

- टीमें एक से अधिक क्विज फॉर्मेट के लिए रजिस्ट्रेशन कर सकती हैं। हालांकि, भागीदारी के लिए अलग रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है।
- क्विज का विवरण और अगला चरण उसी पेज पर अपडेट किए जाएंगे (जिसे क्यूआर कोड को स्कैन कर एक्सेस किया जा सकता है)।
- प्रत्येक क्विज फॉर्मेट की टीमों को क्वालीफाइंग राउंड और फाइनल के लिए आयोजन स्थल पर फिजिकली उपलब्ध रहना होगा। यात्रा, आवास और अन्य किसी भी खर्च का वहन टीम के सदस्यों को ही करना होगा।